राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर, झालावाड़
जगमग हैल्पलाईन :– 07432–230645, 07432 –230646
फोन न. 07432–230403, फैक्स न. –230404
Email: dm-jha-rj@nic.in

क्रमांकः–प.1 / विजा / स्था0 / 2018 / 3889 दिनांक 9 / 08 / 2018

:– आदेश :–

श्री योगेश कुमार अग्रवाल तहसीलदार झालरापाटन को ज्ञापन क्रंमाक 63 दिनांक 02.01.18 से राजस्थान सिविल सेवा(वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 सीसीए के अन्तर्गत इस आशय का नोटिस जारी किया जाकर निम्न प्रकार आरोपित किया गया था।

आरोप संख्या 1.:– यह कि आपको सी0ए.जी. प्रतिवेदन वर्ष 2015–16 का अनु0 संख्या 4.7 की ठोस,पूर्ण एवं तथ्यात्मक पालना प्रस्तुत किये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्राक 844–61 दि008.08.16,999–1015 दि030.8.16,289–96 दि020.2.17,599–603 दि010.4.17,933–36 दि005.6.17 अ0शा0पत्र क्रंमाक 98–101 दि011.1.17,1038–41 दि028.6.17 ,1260–63 दि04.9.17,1450–53 दि0 22.9.17 तथा कारण बताओ नोटिस 1531–33 दिनांक 24.10.17 से से लिखे जाने के उपरान्त समय पर ठोस ,पूर्ण एव तथ्यात्मक अनुपालना प्रेषित नही करने के कारण उक्त अनु0 जन लेखा समिति वर्ष 2016–17 के रूप मे शामिल किया गया । इस प्रकार आपके द्वारा राजकार्य मे लापरवाही बरती गई है, जिसके लिए आप को आरोपित किया जाता है।

उक्त आरोपो के क्रम मे श्री योगेश कुमार अग्रवाल तहसीलदार झालरापाटन ने लिखित जवाब निम्नानुसार प्रस्तुत किया :–

प्रार्थी द्वारा तहसीलदार झालरापाटन के पद का कार्यभार दिनांक 23.10.17 को संभाला गया तत्पश्चात कार्यवाही प्रारम्भ की जांच तीनो बकायादारो से कुल वसूल योग्य राशि 192628 मे से 148816 राशि वसूल कर ली गई है । बकायादार श्री किशनलाल / भेरूलाल से शेष राशि रू0 43812 वसूल करने के प्रयास जारी है शेष राशि शीघ्र ही वसूल कर जमा राज कराये जाने के भरसक प्रयत्न किये जा रहे है ।

हमारे द्वारा श्री अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुत जवाब इत्यादि का अवलोकन किया गया, इस प्रकार इनके द्वारा आक्षेपो के निस्तारण मे प्रयास किया गया है तथा बकाया आक्षेपो के निस्तारण मे भी प्रयास किया जा रहा है । अतः श्री योगेश कुमार अग्रवाल तहसीलदार झालरापाटन के प्रकरण मे सहानूभूतिपूर्वक विचार कर भविष्य मे कार्य विशेष सतर्कता एवं तत्परता से निर्धारित समयावधि मे पूर्ण करने की हिदायत के साथ प्रकरण मे कार्यवाही ड्रॉप की जाती है।

जिला कलक्टर
झालावाड

क्रमाक सम0 / 18 / 3890–90 दिनांक 9 08.2018

प्रतिलिपि निम्न को :–

1–उपखण्ड अधिकारी झालावाड
2–तहसीलदार झालरापाटन
3– श्री योगेश कुमार अग्रवाल तहसीलदार झालरापाटन
4–व्यक्तिगत पत्रा0
5–रक्षित पत्रावली

जिला कलक्टर
झालावाड

जहाँ सोच, वहाँ शौचालय,
बदलो सोच, बनाओ शौचालय।

माँ घर में घूँघट तेरा साथी,
फिर क्यों शौच खुले में जाती